अंकल टॉम को दिल की बीमारी थी। उनकी एक दूर की रिश्तेदार उनके लिए लाखों रुपया छोड़ गई। जब उसके घरवालों को यह बात मालूम हुई तो उन्होंने सोचा कि ऐसा ना हो कि यह खबर सुनकर टॉम को दिल का दौरा पड़ जाए। इसलिए उन्होंने एक पादरी की मदद लेने की सोची। पादरी ने भरोसा दिलाया कि आप घबराएँ नहीं। मैं टॉम से बात कर लूँगा।

पादरी ने टॉम से कहा, “यदि तुम्हें कहीं से लाखों रुपए मिल जाएँ तो तुम क्या करोगे?”

टॉम ने जवाब दिया, “मैं उसका आधा हिस्सा आप को दे दूँगा।”

यह सुनते ही पादरी को दिल का दौरा पड़ गया।

एक आदमी ने देखा कि एक बन्दर मछली को पकड़कर पेड़ पर ले जा रहा था। उसने बन्दर से कहा, “यह तुम क्या कर रहे हो?”

बन्दर ने कहा, “मैं मछली को डूबने से बचा रहा हूँ।”

साभारः द सॉन्ग ऑफ बर्ड

चकरम

प्रभात

एक भाई अकरम
एक भाई विकरम
तारे तकते
करते फिकरम
क्या है चकरम
कम रहती है
दूध में शकरम

लट्टू

एक भाई मट्टू
एक भाई सट्टू
उनके घर में
दो दो लट्टू
एक चले जाए
एक जले जाए

बल्लू टल्लू पल्लू

बल्लू गिर गया बल्ले से
टल्लू गिर गया टल्ले से
पल्लू किवाड़ के पल्ले से
बाकी गिर गए हल्ले से

ऐ

चूहेएएएएएएएएएएएए
किससे पूछ के खाए
तूने मेरे
पुएएएएएएएएएएएएए